# आकाशवाणी केन्द्र शिमला

## 31.03.2024/प्रादेशिक समाचार/1945बजे

**मुख्य समाचार**

- राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से किया सम्मानित ।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा प्रदेश सरकार खो चुकी है बहुमत–सत्ता में रहने का नैतिक अधिकार नहीं।
- कांग्रेस का दावा–आर्थिक स्थिति ठीक न होने के बावजूद प्रदेश सरकार कर्मचारियों को दे रही वित्तीय लाभ।
- पश्चिमी विक्षोभ के चलते प्रदेश में वर्षा व बर्फवारी का दौर आज भी रहा जारी–कल से मौसम साफ होने की संभावना।

**भारत रत्न**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज पूर्व उप प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से अलंकृत किया। वयोवृद्ध नेता आडवाणी को उनके आवास पर यह सम्मान प्रदान किया गया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह और आडवाणी के परिवार के सदस्य इस अवसर पर मौजूद थे। एक सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय राजनीति के शिखर व्यक्तित्व लाल कृष्ण आडवाणी ने दृढ़ समर्पण और असाधारण कौशल के साथ सात दशकों से भी अधिक समय तक देश की सेवा की। राष्ट्रपति ने कहा कि आडवाणी आजादी के बाद के उन नेताओं में से हैं जिन्होंने राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को सामने रखकर देश को विकास पथ पर अग्रसर किया।

**जयराम**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आज पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल से उनके निवास पर मुलाकात की और आगामी चुनावों के संबंध में उनसे विस्तृत चर्चा कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। हालही में अपनी विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हुए निर्दलीय विधायक होशियार सिंह, आशीष शर्मा और कुटलैहड़ से भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र भुट्टो भी इस दौरान उनके साथ थे। बाद में हमीरपुर में पत्रकारों से बातचीत में जयराम ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार बहुमत खो चुकी है और उसे सत्ता में रहने का नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि बजट सत्र के दौरान कांग्रेस ने लोकतांत्रिक मूल्यों का गला घोंटकर अपनी सरकार बचाई है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि बजट सत्र के दौरान भाजपा के 15 विधायकों को गलत तरीके से निष्कासित नहीं किया जाता तो कांग्रेस की सरकार सत्र के दौरान ही गिर गई होती।

रणधीर शर्मा

प्रदेश भाजपा ने निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे स्वीकार न करने को असंवैधानिक करार दिया है। भाजपा मीडिया प्रभारी रणधीर शर्मा ने शिमला में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि विधायकों ने स्वेच्छा से व्यक्तिगत रूप से पेश होकर विधानसभा अध्यक्ष को इस्तीफा दिया है और ऐसे में इसे स्वीकार किया जाना चाहिए। 6 बागी विधायकों पर मुख्यमंत्री के जुबानी हमले को उन्होंने मुख्यमंत्री पद की गरिमा के खिलाफ बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू 15 महीने के कार्यकाल में अपने विधायकों को संतुष्ट नहीं कर पाएं जिसके चलते इन विधायकों ने भाजपा को समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार ने हर क्षेत्र और हर वर्ग के लिए कार्य किया है जिसके चलते देशभर में लोग और नेता भाजपा मेँ शामिल हो रहे है।

कांग्रेस

मुख्य संसदीय सचिव आशीष बुटेल और उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा है कि वर्तमान कांग्रेस सरकार में ही कर्मचारियों के हित सुरक्षित है। शिमला से जारी एक बयान में दोनों नेताओं ने कहा कि वर्तमान सरकार ने पहली कैबिनेट बैठक में ही अपनी चुनावी गांरटी को पूरा करते हुए एक लाख 36 हजार कर्मचारियों के लिए पुरानी पैंशन स्कीम को बहाल किया। उन्होंने कहा कि पुरानी पैंशन प्रदान करने पर केन्द्र सरकार द्वारा हिमाचल पर कई प्रकार की पाबंदिया लगाई गई और केन्द्र से मिलने वाली वित्तीय सहायता को भी कम किया गया। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार से मिले कर्ज़ के चलते राज्य की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है बावजूद इसके वर्तमान राज्य सरकार आर्थिक बदहाली को ठीक करने के साथ–साथ कर्मचारियों को उनके वित्तीय लाभ भी प्रदान कर रही है।

हरीष जनारथा

वहीं दूसरी ओर विधायक हरीष जनारथा और सुरेश कुमार ने कहा है कि राज्य सभा चुनाव के दौरान 6 बागियों ने न केवल पार्टी के साथ दगाबाजी की है बल्कि अपने चुनाव क्षेत्र की जनता की भावनाओं का भी अपमान किया है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि मात्र सवा साल पहले ये सभी कांग्रेस पार्टी के चुनाव चिन्ह पर विधानसभा चुनाव लड़े और कांग्रेस पार्टी की नीतियों में विश्वास करते हुए मतदाताओं ने इन्हें विजयी बनाया लेकिन निजी स्वार्थ के चलते अब इन्होंने जनता पर उपचुनाव का अनावश्यक बोझ थोप दिया है। उन्होंने कहा कि जनता इन्हें कभी माफ नहीं करेगी और उपचुनाव में सभी 6 विधानसभा सीटों पर कांग्रेस के प्रत्याशी विजयी होगें।

ईस्टर

ईस्टर का पर्व आज हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। मान्यता है कि क्रूस पर चढ़ाए जाने के बाद प्रभु यीशु आज के ही दिन पुनर्जीवित हो गए थे। कल रात देश के विभिन्न गिरजाघरों में मध्य रात्रि ईस्टर प्रार्थना आयोजित की गई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ईस्टर पर भारत और विदेश में रहने वाले नागरिकों, विशेषकर ईसाई समुदाय को बधाई दी है। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि यह पर्व प्रेम और करुणा का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईस्टर पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए मानव जाति के बीच एकता और शांति की कामना की।

मीडिया प्रमाणन

लोकसभा चुनाव में उम्मीदवारों द्वारा जारी किए जाने वाले विज्ञापनों का जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन व निगरानी समिति से प्री–सर्टिफिकेशन करवाना आवश्यक है। मण्डी के ज़िला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त अपूर्व देवगन ने कहा है कि बिना प्री–सर्टिफिकेशन के कोई भी विज्ञापन केबल नेटवर्क, ई–पेपर, टीवी, सोशल मीडिया और प्रिंट मीडिया में जारी नहीं किया जा सकता है। स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव के लिए मीडिया कर्मियों की कार्यशाला को संबोधित करते हुए उन्होंने मीडिया कर्मियों से आग्रह किया कि वह बिना प्री–सर्टिफिकेशन के कोई भी विज्ञापन प्रकाशित न करें। इसके अतिरिक्त सरोगेट विज्ञापन का भी प्रकाशन न करें। उन्होंने कहा कि एम.सी.एम.सी. द्वारा सभी समाचारपत्रों, टीवी चैनलों, ई–पेपर, सोशल मीडिया पर प्रकाशित व प्रसारित होने वाले विज्ञापनों और पेड न्यूज पर कड़ी नजर रख जा रही है।

प्रदेश पुलिस–चुनाव

हिमाचल प्रदेश पुलिस प्रदेश में स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। पुलिस महानिदेशालय शिमला से जारी प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार भारतीय चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुरूप सभी सुरक्षा प्रबंधों को पूरा किया जा रहा है। प्रदेश में आचार संहिता लागू होने के बाद दो सप्ताह के भीतर एक करोड़ 20 लाख रूपए से अधिक की अवैद्य शराब और मादक पदार्थों को जब्त किया गया है जिसमें एन.डी.पी.एस एक्ट के तहत 80 मामले दर्ज किए गए है। इस बीच लाईसेंसी हथियारों को जमा करवाने के लिए भी सभी जिलों में अभियान चलाया गया है जिसके तहत कुल एक लाख 4 सौ 3 हथियारों में से अब तक 36 हजार 5 सौ 87 हथियार जमा करवाए जा चुके है।

मौसम

पश्चिमी विक्षोभ के चलते प्रदेश में बारिश और बर्फवारी का सिलसिला आज भी जारी रहा। जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। राजधानी शिमला सहित प्रदेश के निचले ईलाकों में आज रूक–रूक कर वर्षा होती रही। लाहौल स्पिति जिला के केलंग में 6 ईंच जबकि कोकसर, सिस्सू और अटल टनल के नार्थ पोर्टल पर करीब 10 ईंच तक ताज़ा बर्फवारी हुई है। जिससे मनाली, केलंग सहित घाटी के अदंरूनी मार्ग वाहनों की आवाजाही के लिए बंद हैं। जिले के उंचाई वाले क्षेत्रों में ढेड़ से दो फुट तक हिमपात होने से घाटी में हिमखंड खिसकने का खतरा बना हुआ हैं। इस बीच मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान मौसम के साफ बने रहने की संभावना जताई है।

राऊ पर्व

जनजातीय जिला किन्नौर के ऐतिहासिक गांव कल्पा में चल रहे राऊलाने पर्व में किन्नौर के उपायुक्त डॉ अमित कुमार शर्मा ने आज मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि क्षे्त्र के लोग हर्षोल्लास के साथ इस त्यौहार को मनाते है। उन्होंने कहा कि संस्कृति पर किस तरह गर्व करना है किन्नौर के लोग ये बात पूरी दुनिया को सिखा सकते हैं। इस पर्व में पारम्परिक वाद्य यन्त्रों के साथ पारम्परिक वेश भूषा में पुरुष महिलाओं की वेशभूषा मे पारम्परिक नृत्य करते है। इस बार इस पर्व को देखने देश व विदेश से काफी पर्यटक आए है।

मेला

मंडी जिले के जोगिन्दर नगर का राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला कल देवताओं की भव्य जलेब के साथ शुरू होगा। उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन मेले का विधिवत शुभारंभ करेंगे। मेला समिति के अध्यक्ष व एस.डी.एम जोगिन्दरनगर मनीश चौधरी ने बताया कि शिवरात्रि मेले को लेकर सभी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। इस बार लगभग एक सौ से अधिक देवी देवताओं को मेले में भाग लेने का निमंत्रण दिया गया है। उन्होने कहा कि पहली सांस्कृतिक संध्या में नितिन शर्मा, गौरव कौंडल व पहाड़ी गायक किशन वर्मा व राजेन्द्र वर्मा भी लोगों का खूब मनोरंजन करेंगे। इसके अलावा स्थानीय व प्रदेश के अन्य कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देंगे। उन्होंने बताया कि मेले के पहले दिन रन फॉर डेमोक्रेसी थीम पर मैराथन और मतदाता जागरूकता पर आधारित महिलाओं की रंगोली प्रतियोगिता भी आयोजित होगी।